




... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, शनिवार, 11 जुलाई-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 266 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया










# दतिया में बवाल : गरमाया माहौल

## नरोत्तम मिश्रा को टिकट न दिए जाने पर नाराज समर्थकों का उग्र प्रदर्शन



- हाइवे किया जाम, हंगामा नारेबाजी के बाद पुलिस पर पथराव आगजनी की कोशिश
- आठ पुलिस वाले घायल अधिकारियों को भी आयी चोट
- सुरक्षाबल ने लाठी भांज कर खदेड़ा, शहर में धारा 163 लागू

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के दतिया में जिला प्रशासन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) की धारा 163 लागू कर दी है। इसके तहत बिना अनुमति किसी भी सभा, जुलूस, धरना-प्रदर्शन और सार्वजनिक आयोजन पर प्रतिबंध रहेगा। साथ ही पांच या उससे अधिक लोगों के एकत्रित होने पर भी रोक लगा दी गई है। जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश के दतिया में आगामी विधानसभा उपचुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा को टिकट न दिए जाने पर नाराज समर्थकों ने उग्र प्रदर्शन करते हुए नेशनल हाईवे एनएच-44 को जाम कर दिया और पुलिस पर भारी पथराव किया, जिसमें कई पुलिस अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। दतिया के पुलिस अधीक्षक मयूर खंडेलवाल के अनुसार, शुक्रवार शाम से ही 3000 से अधिक उपद्रवियों ने शहर का माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। उन्होंने पहले बाजारों को बंद कराने का प्रयास किया और फिर शाम 6 बजे से ही हाईवे पर चक्का जाम करके बैठ गए। नरोत्तम मिश्रा के हजारों समर्थकों द्वारा NH-44 रोके जाने से यातायात पूरी तरह ठप हो गया। वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे लगभग 15 किलोमीटर लंबा ट्रैफिक जाम लग गया। इस भीषण जाम का असर दतिया की सीमा से लगे पड़ोसी जिलों पर भी पड़ने लगा। कलेक्टर के मुताबिक, प्रशासन ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे नहीं माने। इसके बाद अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया। कार्रवाई के दौरान प्रदर्शनकारियों ने भारी पथराव किया, जिसमें आठ पुलिसकर्मी घायल हो गए। एसपी और भांडेर के एसडीओपी को भी चोटें आई हैं। कलेक्टर के अनुसार उपद्रवियों ने 5 से 6 ट्रकों के शीशे तोड़ दिए, कुछ वाहनों को पलट दिया, आग लगाने का प्रयास किया, एसडीओपी की गाड़ी का शीशा तोड़ दिया और एक पुलिस वाहन को भी पलट दिया। तमाम अपीलों के बावजूद, शनिवार तड़के करीब 4 बजे प्रदर्शनकारियों ने अचानक पुलिस बल पर भारी पथराव शुरू कर दिया। हालात को काबू में करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े, जिसके बाद उपद्रवियों ने पथराव और तेज कर दिया। पुलिस पर हमले के बाद सुरक्षा बलों ने दोबारा आंसू गैस का इस्तेमाल किया और लाठी भांज कर भीड़ को खदेड़ दिया। उपद्रवी अब अलग-अलग जगहों पर छिप गए हैं।

### नरोत्तम मिश्रा ने की अपील

बीजेपी नेता नरोत्तम मिश्रा ने शनिवार को पार्टी कार्यकर्ताओं से शांति बनाए रखने और किसी भी तरह के विरोध-प्रदर्शन से बचने की अपील की। पत्रकारों से बात करते हुए बीजेपी नेता ने कहा कि पार्टी के फैसले का सम्मान किया जाना चाहिए और कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे विरोध में पेट्रोल या केरोसिन डालने जैसे अतिवादी कदम न उठाएं। उन्होंने कहा कि विचारों में मतभेद को पार्टी के उचित मंचों पर ही रखा जाना चाहिए, न कि इस तरह से।

## आईएनएस महेंद्रगिरि नौसेना में शामिल



**विशाखापत्तनम।** भारतीय नौसेना की समुद्री ताकत और मारक क्षमता में शनिवार को एक ऐतिहासिक इजाफा हुआ है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विशाखापत्तनम डॉकयार्ड में आयोजित एक भव्य समारोह में स्वदेशी रूप से डिजाइन किए गए स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस महेंद्रगिरि को आधिकारिक तौर पर नौसेना के बेड़े में कमीशन कर दिया है। यह भारतीय नौसेना के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट 17A का छठा युद्धपोत है। कमीशनिंग समारोह के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को नौसेना द्वारा 'गार्ड ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया गया। इस विशेष अवसर पर नौसेना प्रमुख एडमिरल कृष्ण स्वामीनाथन भी उनके साथ मौजूद रहे। रक्षा मंत्री शुक्रवार शाम को ही इस अहम कार्यक्रम के लिए विशाखापत्तनम पहुंच गए थे।

## ऑकलैंड में बोले पीएम–25 साल पहले मिला मफलर आज भी सुरक्षित



**सिडनी।** न्यूजीलैंड दौरे पर प्रधानमंत्री मोदी ने आज करीब 40 हजार प्रवासी भारतीयों को संबोधित किया। पीएम ने बताया कि 20-25 साल पहले वे जब इस देश के दौरे पर आए थे, तो उन्हें किसी ने खास उपहार दिए थे। उन्होंने दोनों देशों के सांस्कृतिक संबंध से लेकर खेल और व्यापार जगत में सहयोग को भी रेखांकित किया। पीएम मोदी ने कहा, हम भारत के लोग सुनते आए थे, 20 साल के बाद, लेकिन आज 40 साल बाद कोई भारतीय पीएम न्यूजीलैंड की धरती पर आया है। ये मेरा सौभाग्य है। मैं यहां 140 करोड़ भारतीयों की शुभकामनाएं लेकर आया हूं। प्रधानमंत्री के रूप में भले ही ये मेरा पहला दौरा है। लेकिन 25-30 साल पहले जब मैं किसी सरकार में हिस्सा नहीं था, सार्वजनिक जीवन में मुझे कोई जानता नहीं था, तब भी मुझे न्यूजीलैंड आने का मौका मिला था।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी ऐतिहासिक न्यूज़ीलैंड यात्रा के दौरान भारत को दुनिया के सबसे आकर्षक निवेश केंद्र (Global Investment Destination) के रूप में पेश किया है।

## पश्चिम बंगाल में यूसीसी पर बड़ा दांव अगस्त में बिल पेश करने की तैयारी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने UCC बिल के मसौदे की समीक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त जज जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में नौ सदस्यीय विशेषज्ञ पैनल का गठन किया है। यह कदम राज्य में सभी नागरिकों के लिए विवाह, तलाक और उत्तराधिकार जैसे निजी मामलों पर एक समान कानूनी ढांचा तैयार करेगा, जिसका बिल अगस्त में विधानसभा सत्र में पेश किया जा सकता है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाली पश्चिम बंगाल सरकार ने यूनिफॉर्म सिविल कोड बिल के ड्राफ्ट की समीक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट की रिटायर्ड जज जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में नौ सदस्यों की एक कमेटी बनाई है।

# चढ़ावा चोरी मामले में कांग्रेस का तीखा हमला

- आस्था से खिलवाड़ करने वालों को जवाब देना होगा –रागिनी नायक



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. रागिनी नायक ने वाराणसी में आयोजित प्रेस वार्ता में राम मंदिर के चढ़ावे से जुड़े कथित गबन प्रकरण को लेकर केंद्र सरकार और राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि इस मामले से करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था और विश्वास को गहरी ठेस पहुंची है। प्रेस वार्ता की शुरुआत उन्होंने रामचरितमानस की चौपाई 'सिया राममय सब जग जानी...' का पाठ कर की। रागिनी नायक ने रामचरितमानस की चौपाई 'परहित सरिस धरम नहिं भाई, पर पीड़ा सम नहिं अधमाई' का उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान राम के नाम पर कथित अनियमितता करने वाले लोग धर्म और आस्था दोनों के साथ अन्याय कर रहे हैं। राष्ट्रीय कांग्रेस इस मामले में जवाबदेही तय करने की मांग करती है।

## आजम खान के 'तनखइया' मामले में अपील पर बहस पूरी



**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव आजम खान द्वारा जिलाधिकारी को तनखइया बताने के मामले में निचली अदालत से हुई दो साल की सजा के फैसले के खिलाफ सेशन कोर्ट में अपील पर दूसरे दिन भी सुनवाई हुई। आजम खान के अधिवक्ता विनोद शर्मा ने बहस की। उनकी बहस पूरी हो गई है। अब 15 जुलाई को अभियोजन अपना पक्ष रखेगा। सजा का यह मामला वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव का है। आजम खान पहली बार लोकसभा चुनाव लड़े थे। तब सपा और बसपा का गठबंधन था। रामपुर लोकसभा सीट सपा को मिली थी। चुनाव प्रचार के दौरान आजम खान ने कई बार विवादित बयानबाजी की थी।

# गायब बच्ची की मिली लाश



- जिस्म पर चोट के अनगिनत निशान, दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में राजनगर एक्सटेंशन के निर्माणाधीन मॉल में एक सात साल की बच्ची की पहल् दुष्कर्म और बाद में हत्या किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। बच्ची के माता-पिता निर्माणाधीन मॉल में ही कामगार हैं। कल शुक्रवार शाम 7 बजे उसे अंतिम बार देखा गया था। उसके बाद बच्ची का कुछ पता नहीं चला। बताया कि रात एक बजे पुलिस को बच्ची की गुमशुदगी की सूचना दी गई। रात में ही निर्माणाधीन मॉल से ही बच्ची का शव लहूलुहान हालत में बरामद हुआ है। शरीर पर कई जगह चोट के निशान पाए गए।

## खड़े ट्रक से टकराई कार 4 की मौत 4 गंभीर

**अहमदाबाद।** गुजरात के जूनागढ़ में मजेवड़ी गांव के पास फोर-ट्रैक हाईवे पर सड़क पर खड़े एक ट्रक के पीछे तेज रफ्तार अर्टिगा कार के घुस जाने से घटनास्थल पर ही 4 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में 4 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जबकि एक बच्चा बड़े ही चमत्कारिक रूप से बच गया है।

# जमानत पर छूट कर निकलते ही आरोपी ने किया मौत का तांडव

- पहले रेप पीड़िता, फिर उसकी मां और नानी की हत्या करने के बाद अपने बीवी और दो बच्चों को भी मार डाला

**हैदराबाद।** तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले से एक रूह कंपा देने वाला मामला सामने आया है, जहां शहाबद थाना क्षेत्र में एक पोक्सो एक्ट का आरोपी जमानत से बाहर निकलते ही नाबालिग रेप पीड़िता, उसकी मां और नानी की बेरहमी से हत्या कर दी। यही नहीं इस हमले के बाद आरोपी ने अपनी खुद की पत्नी और दो बच्चों की भी हत्या कर दी। आरोपी ने अपने परिजनों को फोन कर बताया कि उसने दोनों परिवारों को खत्म कर दिया और वह अब खुद आत्महत्या करने जा रहा है। आत्महत्या की बात कहने के बाद से आरोपी फरार हो गया।

# मेरी हत्या की कोशिश में मिट जाएगा ईरान

## हजारों लोडेड मिसाइलों ने लगा रखा है निशाना



- खामनेई के जनाजे में उठी मांग पर भड़के ट्रंप ने दी धमकी, मिडिल ईस्ट में और बढ़ा तनाव

**वाशिंगटन।** ईरान में पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के जनाजे में ट्रंप के हत्या की मांग उठी और इसके पोस्टर देखे गए। ईरान में ट्रंप की हत्या के सरेआम नारे लगने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान को विनाश की बड़ी धमकी दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने टुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए कहा, 'अमेरिका की 1000 मिसाइलें पूरी तरह तैयार (लॉक्ड एंड लोडेड) हैं और उनका निशाना सीधे इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान पर है। यदि ईरानी सरकार ने अपनी धमकी पर कोई कदम उठाया, तो तुरंत हजारों और मिसाइलें दागी जाएंगी। अमेरिकी सेना ईरान के सभी इलाकों को पूरी तरह से नेस्तनाबूद और तबाह कर देगी।' बता दें कि इससे पहले ट्रंप ने न्यूयॉर्क पोस्ट को दिए इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा कि मैं काफी समय से ईरान के निशाने पर हूं। अगर मेरी हत्या होती है तो मैंने ऐसे हमले के निर्देश दिए हैं जैसा ईरान ने पहले कभी देखा नहीं होगा। ट्रंप ने कहा कि अगर मेरी हत्या होती है तो ईरान पर बम गिरा देना। ट्रंप की ओर से दी गई इन धमकियों के बाद एक बार फिर मिडिल ईस्ट में तनाव बढ़ सकता है।




जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 37.8°C
● तापमान न्यूनतम : 24.0°C
● सूर्योदय : 05.19
● सूर्यास्त : 06.30
वाराणसी, 11 जुलाई, शनिवार, 2026 (2)







# मंदिर ध्वस्तीकरण के समय हादसा

## बुलडोजर के प्रहार से टूट कर गिरा गुम्बद, एक की मौत दूसरा गंभीर



**● सड़क चौड़ीकरण की ज़द में आ रहे काली मां के मंदिर को हटाया जा रहा था**

**चंदौली।** चंदौली के डीडीयू नगर में सड़क चौड़ीकरण परियोजना के तहत शुक्रवार की देर रात प्राचीन काली मंदिर के ध्वस्तीकरण के दौरान बड़ा हादसा हो गया। मंदिर का भारी-भरकम गुंबद अचानक भरभराकर गिर पड़ा। गिरते समय गुंबद बुलडोजर से टकराने के बाद दूसरी दिशा में जा गिरा, जिसकी चपेट में आकर एक पीडब्ल्यूडी कर्मचारी और एक स्थानीय नागरिक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान पीडब्ल्यूडी कर्मचारी बलदेव यादव (59) की मौत हो गई। दूसरे घायल का इलाज जारी है। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिसकर्मियों और स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। सुरक्षा के मद्देनजर ध्वस्तीकरण का कार्य कुछ समय के लिए रोक दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। बताया गया कि मुगलसराय रेलवे स्टेशन के सामने स्थित वर्षों पुराना काली मंदिर सड़क चौड़ीकरण परियोजना की जद में आ गया था। धार्मिक आस्था को देखते हुए प्रशासन और स्थानीय लोगों की सहमति से पहले सुभाष पार्क परिसर में नया मंदिर बनवाया गया। विधि-विधान के साथ मां काली की प्रतिमा को नए मंदिर में स्थापित करने के बाद पुराने मंदिर को हटाने की प्रक्रिया शुरू की गई थी। शुक्रवार की देर रात लोक निर्माण विभाग और स्थानीय प्रशासन की निगरानी में बुलडोजर से मंदिर का ध्वस्तीकरण कराया जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इसी दौरान मंदिर का ऊपरी गुंबद अचानक टूटकर नीचे गिर गया। गुंबद पहले बुलडोजर से टकराया, जिससे उसका रुख बदल गया और वह कुछ दूरी पर खड़े लोगों की ओर जा गिरा। इसकी चपेट में आने से डांडी निवासी पीडब्ल्यूडी कर्मचारी बलदेव यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई, जबकि एक स्थानीय नागरिक मलबे में दबकर घायल हो गया। प्रशासन ने हादसे की जांच शुरू कर दी है और निर्माण कार्य में बरती गई सुरक्षा व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की जा रही है।




## हटाये गए चौबेपुर इंस्पेक्टर, कई और थानेदारों का आने वाला है नंबर

**वाराणसी।** पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने शुक्रवार को चौबेपुर के इंस्पेक्टर वीरेंद्र कुमार को लाइन हाजिर कर दिया। वीरेंद्र कुमार के पर जनता की फरियाद न सुनने का गंभीर आरोप था, जिसके कारण फरियादियों को जेब ढीली कर पुलिस मुख्यालय पहुंचना पड़ता था। सीपी ने कहा सुधार करें, क्योंकि कई थानेदारों के खिलाफ कार्रवाई होना अभी शेष है। पुलिस कमिश्नर यातायात पुलिस लाइन सभागार में आयोजित मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी में साइबर अपराध, कानून-व्यवस्था, विवेचनाओं के समयबद्ध निस्तारण, यातायात प्रबंधन और श्रावण माह की सुरक्षा तैयारियों को लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।

## डा. अखिलेश सिंह ने सर्वशरी विद्या मंदिर को दिया पांच पंखा



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** नदेसर निवासी डा. अखिलेश सिंह द्वारा सर्वशरी विद्या मंदिर गोराई सेवापुरी में 5 सीलिंग दान स्वरूप दिया गया जिससे बच्चों में खुशी देखी गयी। इस मौके पर स्कूल के प्रबंधक राजेश शर्मा, राजू शुक्ला आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ. ज्ञान प्रकाश राय गेस्ट्रॉलजी का विशेष सहयोग रहा।

## मौसम विभाग ने दी गरज चमक के साथ बिजली गिरने की चेतावनी

**वाराणसी।** मौसम विभाग ने पूर्वी प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर गरज-चमक के साथ बारिश की चेतावनी दी है, 13 जुलाई तक के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। आकाशीय बिजली गिरने और आंधी-तूफान की आशंका भी जताई गई है। हालांकि, 11 जुलाई के बाद बारिश की तीव्रता में थोड़ी कमी आ सकती है, जिसके लिए बारिश का 'येलो अलर्ट' भी जारी किया गया है।

# काशी में एयरफोर्स की रिहर्सल



**● 8 अक्टूबर को मनाया जाएगा 94वां स्थापना दिवस**

**वाराणसी।** वाराणसी में शनिवार की सुबह 10 बजे काशी का आसमान लड़ाकू विमानों की गर्जना से गूंज उठा। एक साथ तीन फाइटर जेटों की तेज रफ्तार उड़ान ने शहरवासियों में उत्सुकता और रोमांच का माहौल बना दिया। सुबह से ही अलग-अलग दिशा से उड़ान भरते हुए फाइटर जेट नमो घाट और शहर के ऊपर लगातार चक्कर लगाते रहे। अचानक आसमान में गूंजती तेज आवाज सुनकर लोग अपने घरों, छतों, बालकनियों और सड़कों पर निकल आए। कई लोगों ने इस दुर्लभ नजारे को अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड किया और सोशल मीडिया पर साझा किया। जानकारी की अनुमति वायुसेना के 94वें स्थापना दिवस 8 अक्टूबर को काशी में मनाएगा उसी की तैयारी चल रही। फाइटर जेटों की उड़ान के साथ ही नमो घाट पर सुरक्षा व्यवस्था भी पूरी तरह सख्त नजर आई। सुबह से ही भारतीय वायुसेना के अधिकारी और जवान हेलीपैड क्षेत्र में तैनात रहे। सुरक्षा कारणों से नमो घाट के फेस-2 के आगे आम लोगों की आवाजाही पूरी तरह प्रतिबंधित कर दी गई। किसी भी व्यक्ति को हेलीपैड क्षेत्र की ओर जाने की अनुमति नहीं दी गई और सुरक्षा कर्मी लोगों को निर्धारित सीमा से ही वापस भेजते रहे। सुबह शुरू हुई यह गतिविधि लगभग 12.30 बजे तक जारी रही। इस दौरान फाइटर जेट अलग-अलग फॉर्मेशन में उड़ान भरते हुए नमो घाट के ऊपर कई बार चक्कर लगाते रहे। उनकी तेज गर्जना दूर-दूर तक सुनाई देती रही, जिससे पूरे शहर का माहौल रोमांच से भर गया।

## बीएचयू में UG कोर्स का रजिस्ट्रेशन शुरू आवेदन की अंतिम तिथि 25 जुलाई



**वाराणसी।** पीजी प्रवेश प्रक्रिया लगभग पूरी हो जाने के बाद बीएचयू में अब यूजी प्रवेश पंजीकरण शुरू हो गए हैं। देररात यूजी प्रवेश पंजीकरण पोर्टल लाइव हो गया। पंजीकरण 25 जुलाई की रात 11.59 बजे तक कराया जा सकेगा। इसके बाद एक सप्ताह के भीतर सीट आवंटन राउंड शुरू करने की तैयारी है। केंद्रीय प्रवेश समिति समन्वयक प्रो. भास्कर भट्टाचार्य ने बताया कि देररात स्नातक छात्रों के लिए भी पंजीकरण पोर्टल थोड़े बदलावों के साथ लाइव कर दिया गया। बीएचयू और समर्थ ने मिलकर इस बार यूजी पंजीकरण में खास इंतजाम किए हैं। ताकि वही अभ्यर्थी पंजीकरण करा सकें जो प्रवेश के लिए अर्ह हैं। ऐसे में पोर्टल पर अनअर्ह अभ्यर्थी पहले ही छंट जाएंगे और प्रवेश प्रक्रिया में अनावश्यक देरी नहीं होगी। बीएचयू की तरफ से स्नातक पाठ्यक्रमों के प्रवेश बुलेटिन के साथ ही अन्य सूचनाएं पहले ही जारी की जा चुकी हैं।

## त्रिदेव मंदिर में पढ़ा गया दादी मंगल पाठ



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** लंका मार्ग दुर्गाकुंड स्थित त्रिदेव मंदिर में मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने सज धज कर रानी सती दादी का मंगल पाठ पढ़ा सर्वप्रथम तीनों विग्रह रानी सती सालासर हनुमान खाटू श्याम जी की स्वदेशी फूलों से अलौकिक झांकी सजाई गई। पाठ गायिका सीमा केजरीवाल अनीता तुलस्यान के नेतृत्व में 101 महिलाओं द्वारा संगीत मय दादी मंगल पाठ पढ़ा गया। समाज की महिलाओं ने नृत्य करते हुए रानी सती दादी को चुनरी, चढ़ाई। बधाई के रूप में लोगों को टॉफी बांटी गई। तीनों विग्रहों को 56 प्रकार का प्रसाद चढ़ा भक्तों में वितरण हुआ। संयोजन में उषा तुलस्यान, सरिता सराफ, सरोज धानुका, शशि तुलस्यान, सरोज खेतान, मीरा अग्रवाल, सरिता त्रिपाठी, किरण तुलस्यान आदि ने भाग लिया।

# नई बस्ती में हमेशा के लिए खत्म हो जाएगा जल और सीवर संकट!

**● महापौर 103.87 करोड़ की लागत के विकास कार्यों की रखी आधारशिला**



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** नगर निगम क्षेत्र के अत्यधिक प्रभावित 22 वार्डों की सीवर और पेयजल जैसी जटिल समस्याओं के स्थाई समाधान के लिए बुनियादी ढांचे को नया रूप देने की तैयारी तेज हो गई है। इस क्रम में शुक्रवार को उत्तरी विधानसभा के 'नई बस्ती' वार्ड में महापौर अशोक कुमार तिवारी ने 103 करोड़ 87 लाख रुपये की लागत से होने वाले सीवर लाइन व पेयजल गृह संयोजन कार्य का विधिवत शिलान्यास और भूमि पूजन किया। इस महत्वाकांक्षी परियोजना की आधारशिला स्वयं प्रधानमंत्री ने रखी थी, जिसे अब धरातल पर उतारा जा रहा है। उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) की देखरेख में इस विशाल कार्य को गति दी जाएगी। शिलान्यास समारोह में जमीनी सच्चाई को सामने रखते हुए महापौर ने स्पष्ट किया कि सीवर व पानी की नई पाइप लाइन बिछाने के इस विशाल कार्य में लगभग एक वर्ष का समय लग सकता है। परियोजना के पूरा होते ही काशीवासियों को सीवर जाम और ओवरफ्लो की लाइलाज समस्या से हमेशा के लिए मुक्ति मिल जाएगी। इस अवसर पर विधायक व उत्तर प्रदेश सरकार में स्टांप, न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविंद्र जायसवाल ने क्षेत्र के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# ऐसा मौका फिर नहीं मिलेगा

## सिर्फ पांच दिन ही बचा है, जल्दी कीजिए

**● लाईन लगाने की झंझट खत्म, समय भी बचेगा**

**● 12 प्रतिशत छूट के साथ घर बैठे टैक्स जमा करने का सुनहरा अवसर**



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** अगर आप भी गृहकर में राहत पाना चाहते हैं, तो घड़ी की सुइयां टिक-टिक कर रही हैं। आगामी 15 जुलाई तक ही गृहकर, जलकर और सीवरकर पर 10 प्रतिशत की मुख्य छूट मिल रही है, यानी आपके पास अब केवल पांच दिन शेष बचे हैं। वहीं डिजिटल भुगतान करने वालों को नगर निगम दो प्रतिशत की अतिरिक्त रियायत के साथ यानी कुल 12 प्रतिशत छूट दे रहा है। यही वजह है कि भवन स्वामी अब नगर निगम के काउंटरों की लंबी लाइनों को छोड़कर तेजी से ऑनलाइन माध्यमों को अपना रहे हैं। अब टैक्स जमा करने के लिए आपको घर से बाहर निकलने की भी जरूरत नहीं है। वट्सएप चैटबॉट नंबर 86018 72601 पर सिर्फ 'Hi' लिखकर भेजते ही आपका डिजिटल बिल स्क्रीन पर आ जाता है। देर न करें, 15 जुलाई से पहले वाट्सएप नंबर 86018 72601 का उपयोग करें, लाइन लगाने से बचें और समय बचाते हुए भारी छूट का लाभ उठाएं।

**जनमुख परामर्श मंडल**

**एस. कुमार**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

**संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

**श्रीनारायण खेमका**
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

**वी.के.जैन**
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

**डा. एस.के.पाठक**
वरिष्ठ चिकित्सक

**डा. नीलम ओहरी**
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
**ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'**

समाचार सम्पादक
**सरोज सिन्हा**

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324 9336929544
Email : janmukh.vns@gmail.com

## 'संकल्प अन्न क्षेत्र' के प्रसाद वितरण का 221वां सप्ताह, श्रद्धालुओं में खिचड़ी वितरण एवं शीतल जल सेवा



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** संकल्प संस्था द्वारा संचालित 'संकल्प अन्न क्षेत्र' के तत्वावधान में शनिवार को चौक स्थित कन्हैया लाल गुलालचंद सर्राफ प्रतिष्ठान के समक्ष नियमित खिचड़ी प्रसाद वितरण एवं शीतल जल सेवा का आयोजन किया गया। सेवा अभियान के 221वें सप्ताह में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, राहगीरों एवं जरूरतमंद लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर सेवा का लाभ प्राप्त किया। संस्था के सदस्यों ने पूरे सेवा भाव से उपस्थित लोगों को खिचड़ी प्रसाद एवं शीतल जल वितरित किया। संस्था के संरक्षक अनिल कुमार जैन ने कहा कि प्रत्येक शनिवार संचालित होने वाला यह सेवा अभियान आज 221 सप्ताह की निरंतर यात्रा पूरी कर चुका है। यह यात्रा समाज के स्नेह, सहयोग और सेवा भावना का परिणाम है। इस आयोजन में राजेंद्र मोहन शाह एवं मृदुला रानी अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–टेंडरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु **ऑनलाईन (ई–टेंडरिंग) के माध्यम से** "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं। **कार्य का नामः** समइ/लाइन/वाराणसी कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत एलएचएसडब्ल्यू से संचित पानी की निकासी का कार्य; **ई–निविदा सूचना सं.: एनईआर–बीएसबी–2026–99; अनुमानित लागत(₹):** ₹26,88,895/-; **अमानत राशि (बिड सिक्योरिटी)(₹):** ₹53,800/-; **निविदा बन्द होने की तिथिः** 31.07.2026; **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 12 माह। • निविदा सूचना संख्या **एनईआर– बीएसबी– 2026–99** दिनांक 31.07.2026 को 11:30 बजे तक ऑनलाइन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबन्धक/(इन्जी०)
मुजाधि/डब्ल्यू–228 वाराणसी

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

# पेड़ लगाकर जीवन को सफल बनाएं

## वृक्षारोपण महायज्ञ कल : मंत्री ने की तैयारियों की समीक्षा

**● कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिकारियों को हिदायत**



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** आगामी 12 जुलाई 2026 को आयोजित होने वाले वृक्षारोपण महायज्ञ–2026 के सफल, सुव्यवस्थित एवं प्रभावी आयोजन के दृष्टिगत शुक्रवार को सर्किट हाउस सभागार में माननीय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) स्टाम्प एवं शुल्क पंजीयन, उ0प्र0 रविन्द्र जायसवाल की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों द्वारा की जा रही तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को समयबद्ध एवं समन्वित ढंग से वृहद वृक्षारोपण के कार्य को सफलतापूर्वक कराए जाने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान मंत्री ने कहा कि वृक्षारोपण महायज्ञ केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, जलवायु संतुलन एवं भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य से जुड़ा जनआंदोलन है। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए आवंटित लक्ष्य के अनुरूप वृक्षारोपण की समस्त तैयारियाँ समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि विद्यालयों, ग्राम पंचायतों, स्वयं सहायता समूहों, स्वयंसेवी संस्थाओं, जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित की जाए, जिससे वृक्षारोपण महायज्ञ को जनभागीदारी आधारित अभियान का स्वरूप प्राप्त हो सके।

## चंदौली समाचार

### प्रेमी युगल चलती ट्रेन से लगाई छलांग, युवक की मौत, युवती की हालत गंभीर



**चंदौली।** गुरूवार की देर रात करीब 11 बजे प्रेमी युगल ने एक-दूसरे का हाथ पकड़कर चलती ट्रेने से छलांद लगा दी। युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। परिवार से शादी की अनुमति न मिलने से परेशान होकर दोनों ने आत्महत्या करने की कोशिश की। थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और रेलवे ट्रैक से युवक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल युवती को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। करीब 20 घंटे बाद युवक और युवती की पहचान हुई। शुक्रवार की रात करीब 8 बजे थाना प्रभारी भूपेंद्र कुमार निषाद ने बताया कि मृतक की पहचान प्रकाश (35) पुत्र मिट्ठू राम, निवासी नूरपुर, नक्सर हाल्ट, जनपद गाजीपुर के रूप में हुई है। वहीं घायल युवती की पहचान काजल (32) पुत्री भीम, निवासी भक्सी,दिलदारनगर, जनपद गाजीपुर के रूप में हुई है। सकलडीहा कोतवाली क्षेत्र के तुलसी आश्रम रेलवे स्टेशन के पास गुरुवार देर रात करीब 11 बजे प्रेमी युगल ने एक-दूसरे का हाथ पकड़कर चलती ट्रेन से छलांग लगा दी। बताया जा रहा है कि दोनों एक-दूसरे से शादी करना चाहते थे, लेकिन परिवार की सहमति नहीं मिलने से परेशान होकर उन्होंने यह कदम उठाया। शुक्रवार देर शाम पुलिस ने दोनों की पहचान कर ली।

## मऊ समाचार

### बाइक की टक्कर से मजदूर की मौत

**दोहरीघाट।** थाना क्षेत्र के इब्राहिमाबाद गांव में बृहस्पतिवार की देर शाम नौ बजे बाइक की टक्कर से वीरेंद्र (49) की मौत हो गई। वीरेंद्र आजमगढ़ मार्ग पर एक ट्रक से सीमेंट उतार रहा था, तभी यह हादसा हुआ। टक्कर मारने के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया। लोगों ने वीरेंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोहरीघाट पहुंचाया। वहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन स्थिति गंभीर होने के कारण वाराणसी ट्रॉमा सेंटर भेजा गया। गाजीपुर पहुंचने से पहले ही रास्ते में वीरेंद्र की मौत हो गई। वीरेंद्र के परिजनों ने पुलिस को मौत की सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। थानाध्यक्ष रामायण सिंह ने बताया कि बाइक सवार की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगी हुई है।

## जौनपुर समाचार

### बहन से फोन कर कहा, मुझे जान से मार देंगे, सुबह मिला विवाहिता का शव



**नेवढ़िया।** थाना क्षेत्र के लक्षनपुर (तरती) गांव में बृहस्पतिवार की रात एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की मां किशुना देवी पत्नी शोभनाथ ने तहरीर देकर दहेज हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पति समेत पांच के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। लक्षनपुर (तरती) गांव की शांति गौड़ (24) की छोटी बहन सरिता का आरोप है कि शांति की शादी 3 साल पहले अमन गौड़ से हुई थी। कुछ दिनों बाद से ही दहेज के लिए बहन को ससुराल पक्ष ने प्रताड़ित करना और मारना-पीटना शुरू कर दिया। इसके लिए कई बार पंचायत भी हुई लेकिन सुधार नहीं हुआ। बृहस्पतिवार रात 11:15 बजे शांति ने फोन किया था। वह पूरी तरह घबराई हुई थी। उसने कहा कि सरिता ये लोग दौड़ाकर मारपीट रहे हैं, मुझे जान से मार देंगे। इतने में जीजा अमन ने फोन छीनकर काट दिया। सरिता ने फोन किया तो मोबाइल बंद बताया। शुक्रवार भोर में करीब 3 बजे दीदी की ननद ने फोन करके बताया कि दीदी ने घर के बगल में एक अमरूद के पेड़ में साड़ी के फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली। सरिता और मां किशुना देवी मौके पर पहुंची तो शांति का शव जमीन पर पड़ा था। सरिता ने घटना की सूचना नेवढ़िया पुलिस को दी। सूचना पर जब मौके पर पुलिस पहुंची तो शव जमीन पर पड़ा था।

## बलिया समाचार

### ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**गड़वार ( बलिया )।** थाना क्षेत्र के गड़वार-फेफना मार्ग पर गढ़िया (सरयां) गांव के समीप शुक्रवार दोपहर ट्रेलर की टक्कर में बाइक सवार दिनेश वर्मा (42) की मौत हो गई। हादसे के बाद नाराज ग्रामीणों ने चालक की गिरफ्तारी व परिजनों को मुआवजा देने की मांग को लेकर सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। घटना की सूचना पर गड़वार व फेफना पुलिस, क्षेत्राधिकारी सतीश कुमार शर्मा व तहसीलदार मौके पर पहुंचे। सड़क जाम कर रहे लोगों को समझा बुझाकर शांत करया। करीब एक घंटे बाद जाम समाप्त हुआ। कनैला निवासी दिनेश कुमार वर्मा शुक्रवार दोपहर गड़वार की ओर से काम करके बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। गांव से लगभग 500 मीटर पहले गढ़िया के पास सामने से आ रहे एक ट्रेलर की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

## गाजीपुर समाचार

### मासूम के दोनों पैर, आंख, कान, अंगूठा, सिर से चमड़ी और बाल तक थे गायब



**गाजीपुर।** भांवरकोल के गोड़ीखास गांव के मासूम सिद्धार्थ के शव का बृहस्पतिवार की देर शाम दो डॉक्टरों के पैनल ने पोस्टमार्टम किया। इस पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी हुई। पुलिस के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मासूम के दोनों पैर, आंख, कान, अंगूठा और सिर से चमड़ी सहित बाल तक गायब है। पोस्टमार्टम में भी मौत के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका। हालांकि पीएम रिपोर्ट के मुताबिक, शव मिलने से तीन दिन पहले ही मासूम की मौत हो गई थी। ऐसे में बच्चे की मौत की गुत्थी सुलझाने के लिए विसरा सुरक्षित किया गया और उसे जांच के लिए भेजा जाएगा। वहीं, डीएनए टेस्ट के लिए जांघ की हड्डी, दांत व अन्य ऑर्गन भी सुरक्षित किया गया है, जो जांच के लिए भेजा जाएगा। उधर, पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी हुई है। गोड़ी खास गांव निवासी जामवंत कुशवाहा उर्फ पिंटू का चार वर्षीय पुत्र सिद्धार्थ छह जुलाई को घर के बाहर खेलते हुए लापता हो गया था। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चला। ऐसे में परिजनों ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। 9 जुलाई को मासूम का क्षत-विक्षत शव घर से महज 45 मीटर दूर चरी के खेत में मिला था। खेत से दुर्गंध आने पर जब ग्रामीणों ने देखा तो पता चला कि मासूम का शव पड़ा हुआ था। फिलहाल पुलिस मौत के कारणों की गुत्थी सुलझाने के लिए विसरा को जांच के लिए भेजने में जुटी हुई है।

## प्रयागराज समाचार

### 24 से शुरू होंगे रेलवे शिक्षक भर्ती के टीचिंग स्किल टेस्ट

**प्रयागराज।** रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) प्रयागराज ने मिनिस्टीरियल और आइसोलेटेड कैटेगरी के तहत शिक्षक भर्ती के लिए टीचिंग स्किल टेस्ट का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। यह परीक्षा 24 से 31 जुलाई 2026 तक दो पालियों में सुबह 9 बजे और दोपहर एक बजे से शुरू होगी। 24 जुलाई को असिस्टेंट टीचर (महिला) जूनियर स्कूल और 27 से 31 जुलाई के बीच प्राइमरी रेलवे टीचर पद के लिए टेस्ट होगा। इस भर्ती में आरआरबी प्रयागराज के अंतर्गत आने वाले 88 पदों के लिए पहले चरण में 51 अभ्यथिर्यों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। सभी चयनित अभ्यर्थियों को सूबेदारगंज स्थित आरआरबी कार्यालय में रिपोर्ट करना होगा। 150 अंकों की इस परीक्षा में खुद को तैयार करने के लिए उम्मीदवारों को 90 मिनट का समय दिया जाएगा।

## गोरखपुर समाचार

### बाढ़ से बचाव के लिए बना था रेगुलेटर प्लेटफॉर्म, बारिश में ही धंस गया-तटबंध खतरे में



**गोरखपुर।** बड़हलगंज ब्लॉक क्षेत्र में राप्ती नदी का जलस्तर बढ़ते ही बाढ़ सुरक्षा व्यवस्था की बड़ी खामी सामने आ गई है। बाढ़ खंड-दो, सिंचाई विभाग द्वारा वर्षों पूर्व 8.740 किलोमीटर लंबाई में बनाए गए कंसासुर-खुटभार रिंग तटबंध पर ददरी गांव के समीप स्थित रेगुलेटर के सामने लाखों रुपये की लागत से निर्मित पक्का प्लेटफॉर्म धंस गया है।

बरसात के बीच हुई इस घटना से क्षेत्र के ग्रामीणों में दहशत फैल गई है और तटबंध की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। तटवर्ती ग्रामीण रामानंद यादव, रामाकांत यादव, रामबदन यादव, सतेंद्र सिंह, भारतेन्दु सिंह, अयोध्या सिंह, राधेश्याम पांडेय, शिवकरन, रायबहादुर और राजू यादव का कहना है कि जिस प्लेटफॉर्म को बाढ़ के दबाव को झेलने के लिए बनाया गया था, वही पहली बड़ी परीक्षा में धंस गया। इससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। उनका कहना है कि अब नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है और पानी जल्द ही प्लेटफॉर्म तक पहुंच सकता है। ऐसी स्थिति में मरम्मत कार्य कर पाना भी बेहद कठिन हो जाएगा। यदि दबाव बढ़ने से रेगुलेटर या तटबंध को नुकसान पहुंचा तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी। ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद अब तक किसी जिम्मेदार अधिकारी ने मौके का निरीक्षण नहीं किया है। उन्होंने जिला प्रशासन से तत्काल तकनीकी टीम भेजकर स्थिति का आकलन कराने और तटबंध की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि किसी संभावित बड़े खतरे को समय रहते टाला जा सके।

इस संबंध में सहायक अभियंता अपराजिता सिंह ने कहा, मामला मेरी जानकारी में नहीं है। मैं तत्काल मौके की जांच करवाती हूं। मेरे कार्यकाल में प्लेटफॉर्म का निर्माण या मरम्मत नहीं हुई है। यह कार्य मेरे आने से पहले कराया गया था। अब सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि राप्ती का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है और पानी जल्द ही धंसे प्लेटफॉर्म तक पहुंच सकता है। ऐसे में मरम्मत की संभावनाएं सीमित हो जाएंगी।

## देवरिया समाचार

### संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत, हत्या की आशंका

**बरियारपुर।** थाना क्षेत्र के रावत-पार गांव में शुक्रवार की सुबह एक विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मायके पक्ष ने हत्या की आशंका जताते हुए कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार रावतपार गांव निवासी रीता देवी (23), की शादी करीब दो वर्ष पहले जितेंद्र कनौजिया से हुई थी। सुबह उनकी अचानक तबीयत बिगड़ने पर परिजन अस्पताल ले जा रहे थे। रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर मृतका के भाई ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर बरियारपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक पूछताछ की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मायके पक्ष का आरोप है कि रीता की हत्या की गई है।

## आजमगढ़ समाचार

### इलाज के दौरान प्रसूता की मौत, अस्पताल के बाहर शव रखकर हंगामा



**सरायमीर।** पूना पोखर स्थित जय मां सर्वेश्वरी क्लीनिक अस्पताल में ऑपरेशन के बाद प्रसूता मनीषा (28) की उपचार के दौरान शुक्रवार को मौत हो गई। आक्रोशित परिजनों ने शव अस्पताल के बाहर रखकर प्रदर्शन किया। डॉक्टर पर गलत ऑपरेशन और इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। सूचना पर थानाध्यक्ष भुवनेश चौबे पहुंचे। एडिशनल सीएमओ डॉ. आलेंद्र कुमार ने अस्पताल का निरीक्षण किया और अनियमितताएं मिलने पर सील कर दिया। सरायमीर थाना क्षेत्र के पूना पोखरा निवासी सुनील ठठेरा ने बताया कि उनकी बहन मनीषा (28) को प्रसव पीड़ा होने पर 12 फरवरी को पूना पोखरा स्थित जय मां सर्वेश्वरी क्लीनिक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आरोप है कि चिकित्सक ने परिजनों की सहमति के बिना तत्काल ऑपरेशन कर दिया। ऑपरेशन के बाद मनीषा की हालत बिगड़ती गई। बाद में उसे दूसरे अस्पताल भेजा गया। वहां जांच में दोनों किडनी खराब होने की जानकारी मिली। इसके बाद वह लंबे समय तक डायलिसिस पर रही। शुक्रवार की सुबह लगभग 9.30 बजे उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सुनील का आरोप है कि गलत ऑपरेशन और इलाज में लापरवाही के कारण उसकी बहन की दोनों किडनी खराब हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एडिशनल सीएमओ डॉ. आलेंद्र कुमार ने बताया कि 15 मार्च को स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई के दौरान शिकायत मिलने पर पूना पोखरा स्थित जय मां सर्वेश्वरी क्लीनिक को सील कर दिया था।

## भदोही समाचार

### रात में बिस्तर पर सोते समय युवक की मौत

**ज्ञानपुर।** भदोही कोतवाली क्षेत्र के सनकडीह गांव में बुधवार की रात में बिस्तर पर सोए अनुज तिवारी (32) पुत्र कृपा शंकर तिवारी की मौत हो गई। बृहस्पतिवार सुबह जब परिजन उठाने गए तो वह बिस्तर पर मृत अवस्था में पड़े थे। यह देख परिजनों के होश उड़ गए। पिता कृपा शंकर ने बताया कि बेटा अनुज एक सप्ताह पहले अमरनाथ दर्शन करने गया था। वह बुधवार की रात घर पहुंचा था। घर पर अच्छे से बातचीत कर फिर सोने चला गया। बृहस्पतिवार सुबह चाय पीने के लिए जब उठाने गया तो वह मृत था। मौत कैसे हुई पता नहीं चल सका। मृतक दो भाइयों में छोटा था। उसकी अभी शादी नहीं हुई थी। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना रामपुर घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया। पूर्व प्रधान संतलाल तिवारी, राजेश दूबे, सोनल मिश्रा, शशि मिश्रा, लालचंद्र मिश्रा आदि ने घर पहुंचकर संवेदना जताई।

## सोनभद्र समाचार

### सी0एम0 डैशबोर्ड के रैकिंग में विकास कार्यों में सोनभद्र को मिला प्रदेश में दूसरा स्थान



**सोनभद्र।** प्रदेश की योगी सरकार द्वारा सुशासन और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की ओर से किए जा रहे प्रयासों का असर धरातल पर साफ दिखाई देने लगा है। प्रदेश स्तर पर जारी जून माह की सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में विकास कार्यों के मामले में सोनभद्र को प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के कुशल निर्देशन व प्रभावी नेतृत्व के चलते जनपद सोनभद्र ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने में सफलता पाई है। जिलाधिकारी ने बताया कि जून माह के जारी आंकड़ों के मुताबिक सोनभद्र ने विकास कार्यों में जनपद में प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि विकास कार्यों की गणना के लिए

निर्धारित 63 सूचकांकों के सापेक्ष जनपद को 59 सूचकांकों में ए ग्रेड प्राप्त हुआ है। सोनभद्र ने विकास कार्यों के मामले में 630 अंकों में 610 अंक प्राप्त कर उकृष्ट प्रदर्शन किया है। यह उपलब्धि सभी विभागों के बेहतर समन्वय, नियमित अनुश्रवण एवं जनहित के प्रति प्रतिबद्ध कार्यशैली का परिणाम है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता सभी के सामूहिक प्रयास, टीम भावना तथा शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप किए गए सतत कार्यों का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के मानक के अनुरूप सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी निष्ठा, पारदर्शिता व जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करते रहें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि शासन की प्राथमिकता के अनुरूप जनशिकायतों एवं विभिन्न विभागीय प्रकरणों का समयबद्ध,संवेदनशील एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता पर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग नियमित मॉनिटरिंग करते हुए लंबित प्रकरणों का शीघ्र समाधान करें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समर्पित प्रयासों से जनपद भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में और बेहतर स्थान प्राप्त करेगा।

## मीरजापुर समाचार

### छतों पर उतरी सौर क्रांति, प्रतिदिन एक लाख यूनिट से अधिक हो रहा मुफ्त बिजली उत्पादन



**मीरजापुर।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से जिले में बिजली का बिल अब लोगों की जेब पर भारी नहीं पड़ रहा है। इस योजना से जुड़कर 7 हजार से अधिक लोग मुफ्त बिजली का लाभ उठा रहे हैं। केंद्र और प्रदेश की योगी सरकार द्वारा योजना के तहत दी जा रही सब्सिडी ने लोगों के घरों तक आसानी से सौर ऊर्जा पहुंचा दी है। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर अधिकारी योजना के क्रियांवयन पर लगातार जोर दे रहे हैं। सौर क्रांति से जुड़कर अब आमजन का प्रतिमाह आने वाला बिजली का बिल काफी कम हो गया है। परियोजना प्रभारी यूपीनेडा संदीप कुमार ने बताया कि योजना के तहत जनपद में कुल 7440 घरों में सौर ऊर्जा प्लांट स्थापित किए जा चुके हैं। जिससे प्रतिदिन 1 लाख यूनिट से अधिक मुफ्त बिजली का उत्पादन हो रहा है। बताया कि 6494 लाभार्थियों के खाते में योजना के तहत मिलने वाली सब्सिडी भी पहुंच चुकी है। शेष लाभार्थियों की लंबित सब्सिडी भी जल्द ही अवमुक्त हो जाएगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026-27 में 9525 घरों को इस हरित क्रांति से जोड़ने का लक्ष्य है। जिसके क्रम में अप्रैल माह में 563 लाभार्थियों को पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से जोड़ा गया। जबकि मई माह में 718 लोगों ने सौर ऊर्जा को अपनाया। इसी तरह जून माह में 840 व जुलाई माह में अब तक 270 लाभार्थियों को योजना का लाभ दिलाया जा चुका है। परियोजना प्रभारी ने बताया कि 1 किलोवाट क्षमता के सोलर संयंत्र पर केंद्र सरकार 30 हजार रुपये तथा उत्तर प्रदेश सरकार 15 हजार रुपये की अतिरिक्त सब्सिडी दे रही है।

## सुल्तानपुर समाचार

### शॉपिंग कॉम्पलेक्स को जल्द पूरा कराएं : मंडलायुक्त




**सुल्तानपुर।** एक पेड़ मां के नाम रोपने के लिए शनिवार को पौधरोपण दिवस आयोजित किया गया है। सुबह सात से शाम छह बजे तक सभी विभागों व संस्थानों की ओर से पौधे रोपे जाएंगे। जिसमें स्वयं सेवी संस्थाओं, संगठनों का सहयोग लिया जाएगा। शुक्रवार को पहुंचे मंडलायुक्त अयोध्या राजेश कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने के निर्देश दिए। शाम को निर्माणाधीन शॉपिंग कॉम्पलेक्स का निरीक्षण कर निर्देश दिए। उन्होंने विभागवार आवंटित लक्ष्य, पौधों की उठान व तैयारियों की जानकारी ली। जनप्रतिनिधियों की ओर से रोपे जाने वाले पौधों के चिह्नित किए गए स्थलों की जानकारी लेते हुए सभी अधिकारियों को एक पेड़ मां के नाम रोपने के लिए आमलोगों को भी प्रेरित करने के निर्देश दिए। बताया कि पौधे निशुल्क दिए जा रहे हैं। मंडलायुक्त ने पीडब्ल्यूडी, आवास विकास, सीएलडीएफ, राज्य पर्यटन विकास निगम, राजकीय निर्माण निगम, यूपीपीसीएल पर शिकंजा कसा। एसडीएम व तहसीलदार विभिन्न मामलों में लेखपालों की ओर से लगाई जाने वाली रिपोर्ट का अध्ययन करने के बाद ही अग्रसारित करें। उधर, शाम को मंडलायुक्त ने जीआईसी के पीछे 10 करोड़ 41 हजार रुपये से बनाए जा रहे शॉपिंग कॉप्लेक्स का निरीक्षण किया और गुणवत्ता की जांच की। कार्यदायी संस्था सीएंडडीएस अयोध्या शाखा के इंजीनियर ने बताया कि प्रथम तल पर 22, द्वितीय तल पर 23 दुकानें बनाई जा रही हैं। वाहनों के पार्किंग की भी व्यवस्था रहेगी। उन्होंने जल्द कार्य पूरा करके नगरपालिका को हस्तांतरित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर डीएम इंद्रजीत सिंह, सीडीओ विनय कुमार सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व राकेश सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

## लाइफ मंत्र

### Puri के Jagannath Dham से जुड़े 5 Amazing Facts, क्यों मंदिर के ऊपर से नहीं उड़ते पक्षी

हिंदू धर्म में भगवान जगन्नाथ की पूजा का अधिक महत्व माना जाता है। भगवान जगन्नाथ का पावन धाम जिसको धरती का बैकुंठ भी कहा जाता है, वह ओडिशा के पुरी में स्थित है। सात प्राचीन पुरियों में एक इस पावन धाम में भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलभद्र के साथ विराजमान हैं। समुद्र के किनारे स्थित इस महाधाम की सिर्फ वास्तुकला नहीं बल्कि इससे जुड़े तमाम रोचक रहस्य भी हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको जगन्नाथ मंदिर और इससे जुड़ी रथ यात्रा से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में बताने जा रहे हैं।



**लकड़ी से बनी है मूर्तियां**

जगन्नाथ पुरी धाम में भगवान जगन्नाथ को श्रीकृष्ण का स्वरूप माना जाता है। यहां पर भगवान जगन्नाथ अपनी बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलभद्र के साथ मंदिर के गर्भगृह में विराजमान हैं। मंदिर में तीनों भगवान की मूर्तियां लकड़ी की बनी हैं, जिनको हर 12 साल में बदला जाता है।

**अधूरी मूर्तियों की होती है पूजा**

हिंदू मान्यता के मुताबिक जब भगवान विश्वकर्मा से राजा इंद्रदयुम्न ने भगवान जगन्नाथ की मूर्तियों को बनाने का निवेदन किया। तो भगवान विश्वकर्मा ने यह शर्त रखी कि वह बंद कमरे में मूर्तियों को बनाएंगे और उस कमरे में कोई भी प्रवेश नहीं करेगा। माना जाता है कि जब जिज्ञासावश राजा इंद्रदयुम्न ने कमरे के पट खोल दिए, तो भगवान विश्वकर्मा अधूरी मूर्ति छोड़कर चले गए। तब से लेकर आज तक भगवान जगन्नाथ, देवी सुभद्रा और भगवान बलभद्र की अधूरी मूर्तियों की पूजा की जाती है।

**जगन्नाथ की रथयात्रा**

हर साल आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि पर भगवान जगन्नाथ अपनी बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र के साथ रथ यात्रा पर बाहर निकलते हैं। यह रथ यात्रा जगन्नाथ मंदिर से शुरू होकर गुंडिचा मंदिर तक जाती है। फिर भगवान जगन्नाथ 9 दिनों बाद वापस अपने धाम को लौटकर आते हैं।

**मंदिर का मुकुट है सुदर्शन चक्र**

जगन्नाथ मंदिर के शिखर पर लगे सुदर्शन चक्र को मंदिर का चमत्कारी मुकुट भी कहा जाता है। आप इसको जिस भी तरफ से देखेंगे, यह आपको अपनी ओर घूमा हुआ नजर आएगा। मंदिर के शिखर पर बने सुदर्शन चक्र के दर्शन करना बेहद पुण्यदायी माना जाता है।

**हवा के विपरीत लहराता है ध्वज**

भगवान जगन्नाथ धाम के ऊपर लहराता हुआ ध्वज अपने आप में विशेष है। भगवान के मंदिर का यह ध्वज रोजाना बदला जाता है। यह परंपरा आज भी है। इस मंदिर के ध्वज की यह खासियत है कि यह हमेशा हवा के विपरीत लहराता है।

**भगवान जगन्नाथ का भोग**

भगवान जगन्नाथ की रसोई भी बेहद खास है। यहां पर रोजाना भगवान के लिए विशेष रूप से तमाम तरह के भोग बनकर तैयार किए जाते हैं। जिसको आप चढ़ाए जाने के बाद ही मंदिर परिसर से प्राप्त कर सकते हैं।

**कैसे पकता है भगवान जगन्नाथ का भोग**

भगवान जगन्नाथ का भोग बेहद पवित्रता के साथ रोजाना मिट्टी के बर्तन में पकाया जाता है। मंदिर परिसर में स्थित रसोई में चूल्हे पर मिट्टी के बर्तन एक के ऊपर एक रखे जाते हैं। वहीं सबसे ऊपर रखे बर्तन का भोग सबसे पहले पकता है और जो नीचे वाली मटकी होती है, उसका भोग सबसे आखिरी में पकता है।

**कम नहीं पड़ता महाप्रसाद**

जब भोग को भगवान जगन्नाथ के लिए रसोई से मंदिर की ओर ले जाया जाता है। तो उस रास्ते के बीच में कोई भी नहीं आता है। वहीं यहां के महाप्रसाद की एक खासियत यह भी है कि यहां पर कितने ही भक्त आएं, लेकिन भोग समाप्त नहीं होता है। धार्मिक मान्यता है कि जगन्नाथ धाम पर हर पल मां अन्नपूर्णा और मां लक्ष्मी की कृपा रहती है। वहीं यहां पर कभी खाना बचता भी नहीं है।

**मंदिर के ऊपर से नहीं गुजरते पक्षी और जहाज**

भगवान जगन्नाथ धाम मंदिर के ऊपर के एक भी पक्षी या जहाज नहीं गुजरता है। वहीं जगन्नाथ मंदिर की कभी भी परछाई नहीं बनती है।

## प्यार या सिर्फ दोस्ती? Raghav Juyal और Shehnaaz Gill ने फिर थामा एक-दूसरे का हाथ, बर्थडे पार्टी से वायरल हुआ वीडियो



राघव जुयाल ने हाल ही में मुंबई में एक शानदार बर्थडे पार्टी का आयोजन किया था, जिसमें मनोरंजन जगत की कई नामी हस्तियों ने शिरकत की। इस महफिल में जब शहनाज गिल पहुंचीं, तो सभी की निगाहें उन पर टिक गईं। एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के गलियारों से एक बार फिर शहनाज गिल और राघव जुयाल के अफेयर की खबरें सुर्खियां बटोर रही हैं। सोशल मीडिया पर दोनों का एक नया वीडियो सामने आया है, जिसने उनके फैंस और नेटिजन्स के बीच डेटिंग की नई अटकलों को हवा दे दी है। इस बार मौका था राघव जुयाल के जन्मदिन का, जहां पूरी महफिल में दोनों की ट्यूनिंग और खास अंदाज ने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया।

**राघव के बर्थडे पर शहनाज की एंट्री और वो 'खास पल'**

राघव जुयाल ने हाल ही में मुंबई में एक शानदार बर्थडे पार्टी का आयोजन किया था, जिसमें मनोरंजन जगत की कई नामी हस्तियों ने शिरकत की। इस महफिल में जब शहनाज गिल पहुंचीं, तो सभी की निगाहें उन पर टिक गईं। लेकिन असली चर्चा पार्टी के बाद उस वक्त शुरू हुई जब दोनों वेन्यू से बाहर निकले। पैपराजी की भारी भीड़ के बीच राघव जुयाल और शहनाज गिल एक साथ बाहर आते दिखे। इसी दौरान कैमरे में एक ऐसा पल कैद हुआ जो अब टॉक ऑफ द टाउन बन गया है। वीडियो क्लिप में देखा जा सकता है कि राघव बेहद केयरिंग अंदाज में शहनाज गिल का हाथ थामे नजर आ रहे हैं और भीड़ के बीच से रास्ता बनाते हुए उन्हें सुरक्षित उनकी कार तक ले जा रहे हैं।

**फैंस हुए क्रेजी, सोशल मीडिया पर छिड़ी बहस**

राघव द्वारा शहनाज का हाथ पकड़ने के इस प्रोटेक्टिव अंदाज ने सोशल मीडिया पर यूजर्स को कमेंट करने का एक और मौका दे दिया है। इंस्टाग्राम और ट्विटर (X) पर यह फुटेज आग की तरह फैल गया है। कई फैंस इसे इस बात का पक्का सबूत मान रहे हैं कि दोनों के बीच सिर्फ दोस्ती नहीं, बल्कि उससे कहीं ज्यादा करीबी रिश्ता है। हालांकि, यह पहली बार नहीं है जब इन दोनों का नाम एक साथ जोड़ा गया हो। फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' की शूटिंग के समय से ही दोनों की बॉन्डिंग को लेकर कयास लगाए जाते रहे हैं। इस ताजा वायरल वीडियो ने उन पुरानी अफवाहों को एक बार फिर से जिंदा कर दिया है। वैसे, हमेशा की तरह इस बार भी न तो राघव और न ही शहनाज ने इन डेटिंग की खबरों पर कोई आधिकारिक टिप्पणी या पुष्टि की है।

**पार्टी में पहुंचे आर्यन खान: दुर्लभ पब्लिक अपीयरेंस**

गुरुवार रात हुई राघव जुयाल की इस बर्थडे पार्टी की एक और बड़ी हाइलाइट रहे शाहरुख खान के लाडले आर्यन खान। आर्यन, जो आमतौर पर मीडिया और पब्लिक इवेंट्स से दूरी बनाकर रखते हैं, इस पार्टी में बेहद कूल लुक में नजर आए। उनका यह दुर्लभ पब्लिक अपीयरेंस भी फैंस के बीच काफी चर्चा में है।

**राघव जुयाल का वर्कफ्रंट**

एक बेहतरीन डांसर और होस्ट के रूप में अपनी पहचान बनाने के बाद राघव जुयाल अब अभिनय की दुनिया में भी लगातार पैर पसार रहे हैं। पिछले कुछ समय में उनकी एक्टिंग को क्रिटिक्स से काफी सराहना मिली है। आने वाले समय में राघव जल्द ही अपनी अगली फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' में मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे, जिसे लेकर उनके फैंस काफी उत्साहित हैं।


कार्ड एवं स्टेशनरी





लेडिज सूट शॉप




आल टाइप गारमेंट्स शॉप




मेडिकल शॉप




ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ






## कारगिल युद्ध के जांबाज 'गोल्डन एरोज' की कहानी! Netflix की नई मिलिट्री ड्रामा सीरीज़ Operation Safed Sagar का दमदार टीज़र रिलीज़

**भारतीय वायु सेना ( IAF ) के इतिहास के सबसे जांबाज और महत्वपूर्ण सैन्य अभियानों में से एक पर आधारित नेटफ्लिक्स की नई सीरीज़ 'ऑपरेशन सफेद सागर' का आधिकारिक टीज़र रिलीज़ कर दिया गया है।**

भारतीय वायु सेना (IAF) के इतिहास के सबसे जांबाज और महत्वपूर्ण सैन्य अभियानों में से एक पर आधारित नेटफ्लिक्स की नई सीरीज़ 'ऑपरेशन सफेद सागर' का आधिकारिक टीज़र रिलीज़ कर दिया गया है। 1999 के कारगिल युद्ध के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों की असाधारण बहादुरी, सर्वोच्च बलिदान और रणनीतिक सूझबूझ को पर्दे पर उतारने वाली यह बहुप्रतीक्षित मिलिट्री ड्रामा सीरीज़ 7 अगस्त, 2026 से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होने के लिए पूरी तरह तैयार है।

**टीज़र में दिखी 'गोल्डन एरोज' स्क्वाड्रन की पहली झलक**

रिलीज़ हुए टीज़र की शुरुआत 1999 के कारगिल युद्ध के तनावपूर्ण माहौल से होती है। यह सीरीज़ भारतीय वायु सेना के जांबाज पायलटों के उस मशहूर 'गोल्डन एरोज' स्क्वाड्रन की अनकही कहानी को सामने लाती है, जिसने विपरीत परिस्थितियों और दुर्गम पहाड़ियों के बीच आसमान में ऐसे असाधारण कारनामे किए, जिसने कारगिल युद्ध में भारत की जीत की राह आसान कर दी। मुश्किल हालातों में जो मिशन नामुमकिन लग रहा था, उसे इन जांबाज पायलटों ने मुमकिन कर दिखाया था।

**'ऑपरेशन सफ़ेद सागर' 1999 के कारगिल युद्ध पर आधारित है**

1999 के कारगिल युद्ध पर आधारित, 'ऑपरेशन सफ़ेद सागर' 'गोल्डन एरोज़ स्क्वाड्रन' की कहानी है, जिसने मुश्किल हालात का सामना करते हुए वह कर दिखाया जो किसी को मुमकिन नहीं लग रहा था। इस सीरीज़ के ज़रिए दर्शक भारतीय सैन्य इतिहास के इस अहम दौर में शामिल लोगों के साहस, बलिदान और दृढ़ संकल्प की भावना को देख पाएंगे।

**नेटफ्लिक्स का नोट**

नेटफ्लिक्स इंडिया की सीरीज़ हेड, तान्या बामी ने कहा 'नेटफ्लिक्स में हम ऐसी साहसी और ओरिजिनल कहानियों को सामने लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो पहले कभी नहीं बताई गईं। 'ऑपरेशन सफ़ेद सागर' एक ऐसी कहानी है जिसे बताने के लिए भारतीय वायु सेना ने हम पर भरोसा किया है, यह कारगिल युद्ध में IAF की भूमिका से प्रेरित अपनी तरह की पहली सीरीज़ है। यह 'गोल्डन एरोज़' के साहस, आपसी भाईचारे और बलिदान को श्रद्धांजलि है- एक ऐसा स्क्वाड्रन जिसने देश की सेवा में अपनी ड्यूटी से भी आगे बढ़कर काम किया। यह भारत की ओर से अपनी तरह की पहली वॉर ड्रामा सीरीज़ है जो दर्शकों को वायु सेना के पायलटों की दुनिया में ले जाएगी। उनकी जिंदगी, उनकी बहादुरी और हमारी सीमाओं को सुरक्षित रखने के लिए पलक झपकते ही लिए जाने वाले फ़ैसले - इन सबके साथ-साथ शानदार सिनेमैटिक स्केल, वर्ल्ड-क्लास प्रोडक्शन वैल्यू और विजुअल इफ़ेक्ट्स इस सीरीज़ को एक असल और दिलचस्प अनुभव बनाते हैं। इस कहानी को पर्दे पर उतारने का काम डायरेक्टर ओनी सेन कर रहे हैं, साथ ही क्रिएटर्स और को-प्रोड्यूसर्स अभिजीत सिंह परमार, कुशल श्रीवास्तव और महबूब पाल सिंह बरार की युवा और नई क्रिएटिव टीम है, और कास्ट में नए चेहरों के साथ-साथ अनुभवी कलाकार भी शामिल हैं।' हमें एक बार फिर 'मैचबॉक्स शॉट्स' के साथ काम करने पर गर्व है। यह स्टूडियो भी दमदार और किरदारों पर आधारित कहानियाँ कहने के हमारे जुनून को साझा करता है।

**'ऑपरेशन सफेद सागर' की कास्ट**

मैचबॉक्स शॉट्स और फील गुड फिल्म्स द्वारा प्रोड्यूस और ओनी सेन द्वारा निर्देशित इस शो को अभिजीत सिंह परमार और कुशल श्रीवास्तव ने बनाया है। 'ऑपरेशन सफेद सागर' में सिद्धार्थ, जिमी शेरगिल, अभय वर्मा, दीया मिर्जा, प्राजक्ता कोली, आदिल हुसैन, मिहिर आहूजा, तारुक रैना, अर्णव भसीन और अमृता बागची शामिल हैं।

यह सीरीज़ 7 अगस्त, 2026 को नेटफिलक्स पर रिलीज़ होगी।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762




बच्चों के डॉक्टर




गुप्त रोग विशेषज्ञ




नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ




## रणबीर कपूर की 'रामायण' का ट्रेलर 24 जुलाई को होगा रिलीज, मेकर्स ने की आधिकारिक घोषणा



पहली झलक ने दर्शकों को इस प्रोजेक्ट के बड़े पैमाने और विजुअल एम्बिशन (दृश्य महत्वाकांक्षा) से परिचित कराया था, बिना कहानी का ज़्यादा खुलासा किए। भारतीय सिनेमा के इतिहास की सबसे महत्वाकांक्षी और बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक 'रामायण' को लेकर दर्शकों का इंतजार अब खत्म होने वाला है। फिल्म की पहली झलक (First Glimpse) के सोशल मीडिया पर तहलका मचाने के बाद, शनिवार को मेकर्स ने आधिकारिक तौर पर घोषणा कर दी है कि 'रामायणः पार्ट 1' का भव्य ग्लोबल ट्रेलर 24 जुलाई, 2026 को दुनिया भर में रिलीज किया जाएगा। पिछले काफी समय से इस फिल्म के ट्रेलर की रिलीज डेट को लेकर कयासों का बाजार गर्म था, जिस पर अब मेकर्स ने मुहर लगा दी है।


**भौगोलिकसंदर्भ**

पहली झलक ने दर्शकों को इस प्रोजेक्ट के बड़े पैमाने और विजुअल एम्बिशन (दृश्य महत्वाकांक्षा) से परिचित कराया था, बिना कहानी का ज़्यादा खुलासा किए। अब उम्मीद है कि ट्रेलर फिल्म की दुनिया, इसके मुख्य किरदारों और उस शानदार कहानी की बेहतर झलक दिखाएगा जिसे डायरेक्टर नितेश तिवारी बड़े पर्दे पर ला रहे हैं। रणबीर कपूर, साई पल्लवी और यश इस शानदार फिल्म के मुख्य कलाकार हैं। प्राचीन भारतीय महाकाव्य से प्रेरित,'रामायण' में कलाकारों की एक बड़ी टीम है, जिसमें रणबीर कपूर भगवान राम और साई पल्लवी सीता की भूमिका में हैं। यश रावण की भूमिका निभा रहे हैं, जबकि सनी देओल हनुमान के रूप में और रवि दुबे लक्ष्मण के रूप में नज़र आएंगे। फिल्म को बहुत बड़े पैमाने पर बनाया गया है और उम्मीद है कि यह इस सदाबहार कहानी के भावनात्मक सार को बनाए रखते हुए अत्याधुनिक विज़ुअल इफ़ेक्ट्स (VFX) पर काफ़ी हद तक निर्भर करेगी। राम के पहले लुक ने उत्सुकता जगाई थी।

2 अप्रैल, 2026 को मेकर्स ने जनता के सामने 'रामायण' का पहला लुक पेश किया, जिसमें पहली बार रणबीर कपूर को भगवान राम के रूप में दिखाया गया। खूबसूरती से डिज़ाइन किए गए इस टीज़र को सोशल मीडिया पर फ़ैंस से ज़बरदस्त सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली; कई लोगों ने फिल्म के दायरे, ऱ्हें और सिनेमैटिक अंदाज़ की तारीफ़ की। दर्शकों ने इस फिल्म को महाकाव्य की एक नई व्याख्या के रूप में देखा, जबकि भगवान राम के रूप में रणबीर का शाही अभिनय चर्चा का मुख्य विषय रहा। दो भागों वाली फिल्म, जो ग्लोबल IMAX रिलीज़ के लिए तैयार है।

नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित, 'रामायण' का निर्माण नमित मल्होत्रा के प्राइम फ़ोकस स्टूडियोज़ द्वारा DNEG (कई अंतरराष्ट्रीय ब्लॉकबस्टर फिल्मों के पीछे का अकादमी पुरस्कार विजेता विज़ुअल इफ़ेक्ट्स स्टूडियो) और यश के मॉन्स्टर माइंड क्रिएशन्स के सहयोग से किया जा रहा है। दो भागों वाले सिनेमैटिक इवेंट के तौर पर प्लान की गई यह फिल्म दुनिया भर में IMAX में रिलीज़ की जाएगी। पहला भाग दिवाली 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज़ होगा, जबकि दूसरा भाग दिवाली 2027 में रिलीज़ किया जाएगा।

लिवर रोग विशेषज्ञ




यूरोलॉजी विशेषज्ञ




मानसिक रोग विशेषज्ञ




हड्डी रोग विशेषज्ञ

